पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली की एन0आई0आर0एफ0 रैंकिंग हेतु कार्यशाला

———————

विश्वविद्यालयों की परस्पर साझेदारी बढ़े

———————

अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागिता बढ़ाएं

———————

अपनी बेहतर फैकल्टी की रैंकिंग कराएं

———————

कमियों को दूर करके प्रतिबद्धता से प्रयास करें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 06 अगस्त, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली की एनआई0आर0एफ0 रैंकिंग हेतु कार्यशाला की अध्यक्षता की। कार्यशाला में राज्यपाल जी ने रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा एन0आई0आर0एफ0 रैंकिंग के मानदण्डों पर प्रस्तुतिकरण की समीक्षा भी की। उन्होंने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों को देश एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाने के लिए विश्वविद्यालयों में आपसी तालमेल और परस्पर साझेदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी फैकल्टी की क्षमता सम्वर्द्धन के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक सम्बन्ध तथा विद्यार्थियों की भागीदारी को भी सुदृढ़ करें। उन्होंने कहा कि रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय को नैक की उच्चतम ग्रेडिंग 'ए प्लस प्लस' प्राप्त है, एन0आई0आर0एफ0 में भी

ग्रेडिंग के मानदण्डों के अनुरूप कमियों को दूर कर प्रतिबद्धता के साथ बेहतर रैंकिंग के लिए प्रयास करें।

राज्यपाल जी आज की कार्यशाला में रूहेतखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में एन0आई0आर0एफ0 की रैंकिंग में प्राप्त ग्रेड के क्रम में विविध स्तर पर समीक्षा कर रही थीं। कार्यशाला में चण्डीगढ़ से 'उपक्रम' के तहत एन0आई0डी0 से आए प्रो0 संजीत और डॉ शान भी उपस्थित रहे। प्रो0 संजीत ने एन0आई0आर0एफ0 रैंकिंग हेतु रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किए गए डाटा तथा विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध अधिकतक संसाधनों एवं डाटा का व्यापक विश्लेषण किया। प्रो0 संजीत ने विश्वविद्यालय को विभिन्न बिंदुओं पर डाटा सुधार तथा विश्वविद्यालय की क्षमता सम्वर्द्धन सम्बन्धी सुझाव दिए।

यहाँ उल्लेखनीय है कि एन0आई0आर0एफ0 विभिन्न विषय क्षेत्र के आधार पर उच्च शिक्षा संस्थानों को वर्गीकृत करता है तथा इन मानदण्डों पर प्राप्तांकों के आधार पर रैंकिंग प्रदान करता है। राज्यपाल जी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में पहली बार एक साथ 11 राज्य विश्वविद्यालयों ने एन0आई0आर0एफ0 रैंकिंग के लिए आवेदन किया, जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा भी आवेदन कर विविध श्रेणियों में गणना प्राप्त की गई। यह भी ज्ञातव्य है कि वर्तमान में महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली नैक में उच्चतम 'ए प्लस प्लस' श्रेणी प्राप्त है।

कार्यशाला में राज्यपाल जी ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को एन0आई0आर0एफ0 की मूल्यांकन तकनीक से सम्बन्धित प्रपत्रों को अवगत कराने को कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अलग–अलग विभागों और कैटेगिरी को ध्यान में रखकर एन0आई0आर0एफ0 मूल्यांकन

की तैयारी करें। कार्यशाला में 'उपक्रम' (उत्तर प्रदेश कैडर फॉर रैंकिंग एक्रीडेशन मेंटरशिप) में जुड़े सभी 11 विश्वविद्यालयों को आपसी साझेदारी बढ़ाने की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य करने की चर्चा भी की गई। यहां स्मरणीय है कि 27 जुलाई, 2022 को राजभवन में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा प्रदेश मंत्रीमण्डल के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट रैंकिंग के सम्बन्ध में 'उपक्रम' नाम से राजधानी लखनऊ में विशिष्ट केन्द्र की स्थापना हेतु एन0आई0डी0 फाउण्डेशन और उच्च शिक्षा विभाग के बीच एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर हुए थे। इसी क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय में इसका केन्द्र स्थापित किया गया तथा कार्यशालाएं भी आयेजित हुईं।

राज्यपाल जी के बेहतर दिशा–निर्देशन में आज प्रदेश के कई विश्वविद्यालय नैक में उच्च रैंकिंग प्राप्त कर एन0आई0आर0एफ0 और क्यू0एस0वर्ल्ड0 रैंकिंग की दिशा में अग्रसर हो रहे हैं।

राज्यपाल जी की अध्यक्षता में सम्पन्न आज की कार्यशाला में एन0आई0डी0 से विशेषज्ञ के रूप में शामिल प्रो0 संजीत, प्रो0 शान के अतिरिक्त अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी, कुलपति प्रो0 के0पी0 सिंह तथा महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय की एन0आई0आर0एफ0 टीम के सदस्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361

राजभवन उत्तर प्रदेश

राजभवन उत्तर प्रदेश

राजभवन उत्तर प्रदेश

राजभवन उत्तर प्रदेश